हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 30 मई 2026

श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज 11



जांडवाला बागड़ में आंधी और ओलावृष्टि से हजारों... 11



## खबर संक्षेप

### सीएम फ्लाइंग का छापा अवैध शराब बरामद

**सिरसा।** सीएम फ्लाइंग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गांव भड़ोलियांवाली में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो स्थानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब बरामद की गई। एक्साइज इंस्पेक्टर कमलदीप ने बताया कि विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम गठित कर गांव में दो अलग-अलग स्थानों पर रेड की गई।

### रघुवीर सिंह बुडानिया सेवानिवृत्त, दी विदाई

**भट्टूकलां।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत रघुवीर सिंह बुडानिया 58 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यालय परिसर में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों व गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि रघुवीर सिंह बुडानिया ने अपने पूरे सेवा काल में ईमानदारी, मेहनत और लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

### आज धूमधाम से मनेगी अरूट महाराज की जयंती

**फतेहाबाद।** शहर में आज 30 मई को श्री अरूट महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। पहली बार तीन संगठन अरोडवंश महासभा, ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी और पंचनद द्वारा संयुक्त रूप से पुराने बस स्टैण्ड के पास स्थित श्री अरूट चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अरोडवंश महासभा के प्रधान आजाद सचदेवा ने बताया कि युग प्रवर्तक अरोड़वंश समाज के संस्थापक सूर्यवंशी अरूट महाराज की पावन जयंती 30 मई को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

### लाखों रुपये का चूरापोस्त सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गांव प्रताप नगर क्षेत्र से लाखों रुपये कीमत का 20 किलो 550 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद कर एक युवक व एक महिला को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा के प्रभारी सुखजीत सिंह ने बताया कि सेल की एक पुलिस टीम गश्त एवं चेकिंग के दौरान जीवन नगर से ऐलनाबाद की तरफ जा रही थी।

### लाखों की हेरोइन पकड़ी महिला सहित दो काबू

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान सुरतिया रोड रोड़ी क्षेत्र से बाइक सवार युवक व महिला को 41 ग्राम 23 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान सुरतिया रोड रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गांव सुरतिया की तरफ से एक बाइक पर युवक और महिला आते दिखाई दिए।

### गोशाला में शेड का किया शिलान्यास

**चोपटा।** जमाल के महर्षि दयानंद सरस्वती गोशाला में बेसहारा गायों के लिए शैड का शिलान्याश किया गया। इस अवसर पर गौशाला आयोग के सदस्य अजीत सिहाग व गोशाला कमेटी के सदस्यों ने इस शैड की नींव रखी। विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि गोशालाओं को सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, इसी के तहत जमाल की गौशाला में 10 लाख रुपये की लागत से शैड का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर अजीत सिहाग ने कहा कि सरकार गायों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध।

# तेज आंधी से जिले में भारी नुकसान, 350 बिजली पोल, 35 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, 250 पेड़ उखड़े, 80 टूटकर सड़क पर गिरे

जगह-जगह पेड़ गिरने से रास्ते हुए अवरुद्ध , लोगा हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद।

वीरवार शाम को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आई आंधी व तूफान ने भट्टू व भूना क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। भट्टू, बड़ोपल, फतेहाबाद और रतिया क्षेत्र में तेज हवाओं के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। आंधी के चलते करीब 350 बिजली पोल और विभिन्न क्षमता के 35 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि जिलेभर में करीब 250 पेड़ जड़ से उखड़ गए और 80 पेड़ टूटकर सड़कों व रास्तों पर गिर पड़े। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूट गए और पोल गिरने से देर रात तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई गांवों और शहर के कुछ हिस्सों में अंधेरा छा गया। बिजली निगम के फील्ड कार्यालयों से मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक असर भट्टू, रतिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। यानि कि भट्टू व भूना

## आंधी व तूफान से हुए नुकसान व टूटे खंभों को जोड़ने के लिए बिजली निगम की टीमें दिनभर जुटी रहीं

### कई स्थानों पर लोगों ने खुद भी रास्तों से पेड़ हटाए

आंधी व तूफान से हुए नुकसान व टूटे खंबों को जोडने के लिए बिजली निगम की टीमों ने रातभर युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य चलाया। अधिकारियों के अनुसार 33 केवी बिजली सप्लाई को देर रात करीब 12:30 बजे बहाल कर दिया गया, लेकिन कई इलाकों में स्थानीय लाइनों और ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का काम शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। उधर, आंधी के कारण पेड़ गिरने से कई सडक़ों पर यातायात भी प्रभावित हुआ। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह पेड़ गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए। नगर परिषद, पंचायत विभाग और प्रशासन की टीमों ने रात में ही पेड़ हटाने का काम शुरू किया। कई स्थानों पर लोगों ने खुद भी रास्तों से पेड़ हटाकर आवाजाही सुचारु करवाई। तेज आंधी के दौरान लोगों में दहशत का माहौल रहा। कई स्थानों पर टीन शेड उड़ गए और बिजली कटने से लोगों को गर्मी व परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी बड़े जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। बिजली विभाग ने लोगों से अपील की है कि टूटे हुए बिजली तारों और क्षतिग्रस्त पोलों के पास न जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत विभागीय अधिकारियों को दें।



फतेहाबाद। आंधी से गिरे बिजली के खंभे। फोटो: हरिभूमि

### यहां अधिक नुकसान

भूना, भट्टू के गांव जांडवाला बागड़ सहित अनेक गांवों के 33 केवी सब स्टेशनों पर काफी नुकसान हुआ है। जहां से करीब 25 गांवों को जाने वाली बिजली दोपहर तक बंद रही। बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि निगम के कर्मचारी बिजली व्यवस्था बहाल करने में लगे हुए हैं। हालांकि 90 प्रतिशत गांवों व 33 केवी सब स्टेशनों में रात साढ़े 12 बजे ही बिजली आपूर्ति बहाल हो गई थी।

## कारीगरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

# कस्टम ड्यूटी व महंगाई की मार फतेहाबाद का सर्राफा बाजार सूना

एक साल से सोना 60 हजार प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 1 लाख 52 हजार पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सोने की लगातार बढ़ती कीमतों, कस्टम ड्यूटी में बढ़ोतरी और बाजार में आई सुस्ती ने फतेहाबाद के सर्राफा कारोबार की चमक फीकी कर दी है। हालात ऐसे हैं कि शादी-ब्याह के सीजन में भी बाजारों में पहले जैसी रौनक नजर नहीं आ रही। दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ गायब है और कारोबारियों के साथ-साथ कारीगरों की चिंता भी बढ़ गई है। धर्मशाला रोड, थाना रोड, रेलवे रोड और टोहाना के सर्राफा बाजारों में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। ज्वेलर्स का कहना है कि पहले जहां सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती थी, वहीं अब लोग सिर्फ डिजाइन देखकर लौट जाते हैं। भारी गहनों की खरीदारी लगभग बंद हो चुकी है और ग्राहक छोटे आभूषण या जरूरत भर की खरीद तक सीमित हो गए हैं। व्यापारियों के अनुसार सोने पर बढ़ी कस्टम ड्यूटी के बाद कीमतों में लगातार उछाल आया है। इसका सीधा असर ग्राहकों की खरीद क्षमता पर पड़ा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोगों से सोना कम खरीदने की अपील का असर भी बाजार की मानसिकता पर दिखाई दे रहा है। लोगों ने अब सोने को निवेश के तौर पर खरीदना भी कम कर दिया है। दरअसल पिछले करीब एक साल से सोना 60 हजार प्रति 10 ग्राम से बढक़र 1 लाख 52 हजार तक पहुंच गया है। इसी तरह चांदी 60 हजार रुपये प्रति किलो थी, जोकि शुक्रवार को 2 लाख 60 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई।

### जरूरत के हिसाब से कर रहे खरीददारी



धर्मशाला रोड और थाना रोड के सर्राफ कृष्ण सोनी बताते हैं कि पहले बाजार में ग्राहकों की अच्छी भीड़ रहती थी, लेकिन अब दिनभर दुकान पर बैठने के बावजूद बहुत कम ग्राहक आते हैं। शादी-ब्याह के सीजन में जिस तरह की चहल-पहल रहती थी, वह इस बार पूरी तरह गायब है। लोग अब जरूरत के हिसाब से हल्के गहने खरीद रहे हैं।

### मजदूरी निकालना भी हुआ मुश्किल

धर्मशाला रोड के दुकानदार राजेन्द्र सोनी व नरेश सोनी ने बताया कि बाजार में आई मंदी के कारण काम लगभग ठप हो गया है। सुबह से शाम तक मेहनत करने के बावजूद कई बार हजार रुपये की मजदूरी तक नहीं निकल पाती। दुकान का किराया, बिजली बिल और कर्मचारियों का खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है। लोग अब नए गहने खरीदने की बजाय पुराने आभूषणों की मरम्मत करवाने तक सीमित हो गए हैं।



राजेन्द्र सोनी



नरेश सोनी

### शादी सीजन में भी फीका पड़ा बाजार



एसबीआई रोड स्थित विशाल ज्वेल्स के संचालक अनिल असीजा का कहना है कि सोने पर बढ़ी कस्टम ड्यूटी का असर सीधे कारोबार पर पड़ा है। पहले दिनभर ग्राहकों की भीड़ रहती थी, लेकिन अब बाजार में पहले जैसी रौनक नहीं है। लोग भारी गहनों की बजाय छोटे आभूषण खरीद रहे हैं या सिर्फ देखने तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो छोटे कारोबारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो सकता है।

### अब ग्राहक डिजाइन देखकर लौट जाते



फतेहाबाद के ज्वैलर रोशन सोनी बताते हैं कि सोने की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। पहले लोग शौक और निवेश दोनों के लिए सोना खरीदते थे, लेकिन अब केवल जरूरी खरीदारी ही हो रही है। ग्राहक दुकान पर आते हैं, डिजाइन देखते हैं और बिना खरीदारी किए लौट जाते हैं। उनका कहना है कि बाजार की यह मंदी अब छोटे दुकानदारों और कारीगरों के लिए भी बड़ी चिंता बन चुकी है।

### गलाई कारीगरों पर भी पड़ा असर



मंदी की सबसे ज्यादा मार गलाई और सफाई का काम करने वाले कारीगरों पर दिखाई दे रही है। गलाई कारीगर महादेव बताते हैं कि पहले उनकी दुकान पर करीब 20 से 50 दुकानदार रोज काम करवाने आते थे, लेकिन अब मुश्किल से दो या तीन ग्राहक ही पहुंचते हैं। पहले दिनभर गहनों की सफाई, गलाई और मरम्मत का काम चलता रहता था, लेकिन अब दुकानदार नया काम देने से बच रहे हैं। कई बार पूरा दिन इंतजार में गुजर जाता है और आमदनी नाममात्र रह गई है।



सिरसा। जुआ खेलते पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। फोटो: हरिभूमि

# जुए के अड्डे पर पुलिस की दबिश, 25 जुआरी काबू

- कब्जे से 5 लाख 71 हजार 105 रुपए की नकद राशि बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस शहर के चंडीगढिया मोहल्ला क्षेत्र में एक मकान पर दबिश देकर मकान मालिक सहित 25 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 लाख 71 हजार 105 रुपए की नकद राशि बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की पुलिस टीम बीती रात गश्त के दौरान आईटीआई चौक क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चंडीगढिया मोहल्ला निवासी दीपक अपने घर में कई लोगों को इक_ा कर बड़े स्तर पर जुआ खिलवा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए मकान पर दबिश दी। पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी को मौके पर ही काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 71 हजार 105 रुपए की नकदी तथा ताश के पत्ते बरामद किए गए।

### ये किए काबू

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान महेंद्र निवासी हिसार, पवन कुमार निवासी सिरसा, ललित कुमार निवासी हिसार, बलजिंद्र निवासी हिसार, मनोज कुमार निवासी सिरसा, बुधराम निवासी फतेहाबाद, चंद्रगोपाल निवासी हिसार, भीरा सिंह निवासी जींद, अमन निवासी सिरसा, सुनील निवासी हिसार, अनिल निवासी हिसार, शसन निवासी हिसार, प्रिंस निवासी सिरसा, मुकेश निवासी हिसार, सुरेंद्र निवासी हिसार, सज्जन कुमार निवासी सिरसा, राकेश निवासी हिसार, दीपक निवासी सिरसा, हैप्पी सचदेवा निवासी खारिया, योगेश निवासी सिरसा, सुनील निवासी खारिया, सौरभ चावला निवासी सिरसा, राजेश निवासी हिसार तथा गुरदित्ता निवासी कालांवाली के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि इस गैर कानूनी गतिविधि से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा सके। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



फतेहाबाद। सीमेंटिड पत्थर लगाकर बंद किया गया रास्ता। फोटो: हरिभूमि

### चेक बाउंस मामलों की विशेष लोक अदालत आज

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निर्देशों की अनुपालना में पूरे प्रदेश में आज 30 मई को चेक बाउंस मामलो की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुयशा जावा ने बताया कि जिन लोगों के चेक बाउंस धारा 138 एनआइ एक्ट से संबंधित मामले न्यायालय में लंबित है।

# श्रीलंका में चमके सुखवंत, गांव लौटने पर जोरदार स्वागत



ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी सुखवंत सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭डिंग मंडी

क्षेत्र के गांव पतली डाबर निवासी सुखवंत सिंह ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया है।

श्रीलंका में आयोजित तीन दिवसीय व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के बाद शुक्रवार को जैसे ही वह अपने गांव पहुंचे, ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। सुखवंत सिंह शारीरिक रूप से दिव्यांग होने के बावजूद अपनी मेहनत और लगन के बल पर लगातार सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 9 सीरीज खेल चुके हैं और अपनी खेल प्रतिभा से युवाओं के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। श्रीलंका में आयोजित इस तीन दिवसीय व्हीलचेयर क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में भारत और श्रीलंका आमने-सामने रहे, जिसमें भारतीय टीम ने 195 रन बनाकर 60 रनों से शानदार जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया। गांव पहुंचने पर ग्राम सरपंच लखविंदर सिंह, मनींदर सिंह, सुनील शाक्य, टींकू, शैलेंद्र कुमार, नरेंद्र सिंह, संदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

## मूनक-टोहाना होकर गुजरेंगे बड़े वाहन

# कुलां-भूना मेन रोड हुआ बंद, रेलवे ओवरब्रिज ऊंचा उठाने का काम शुरू

- रेलवे जाखल जंक्शन से गुजरने वाली मालगाड़ियों के लिए डबल ट्रैक बिछा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले के जाखल में स्थित कुलां-भूना मार्ग को शुक्रवार से आगामी 6 महीने के लिए बंद कर दिया गया है। रेलवे ने जाखल-कुलां-भूना मार्ग पर बने रेलवे ओवरब्रिज को ऊंचा करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण यह मेन मार्ग जिला मुख्यालय फतेहाबाद को जोड़ता है। अब यहां सीमेंटिड पत्थर लगाकर रोड ब्लॉक कर दिया गया है। रेलवे जाखल जंक्शन से गुजरने वाली मालगाड़ियों के लिए डबल ट्रैक बिछा रहा है। लुधियाना रूट पर डबल स्टैक मालगाड़ियां चलाने की योजना है, लेकिन वर्तमान पुल की ऊंचाई कम होने के कारण इन ट्रेनों का गुजरना संभव नहीं है। इसी समस्या को दूर करने के लिए ओवरब्रिज को ऊंचा किया जा रहा है।

### परेशानी होगी

अब मार्ग बंद होने से यात्रियों और बड़े वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जाखल से फतेहाबाद जाने के लिए यह एक प्रमुख मार्ग है। अब बस यात्रियों और भारी वाहनों को मूनक-टोहाना होते हुए कुलां जाना होगा। इससे यात्रा का समय और दूरी दोनों बढ़ेंगे। छोटे वाहन रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरपास के माध्यम से फतेहाबाद की ओर जा सकेंगे। हालांकि, बड़े वाहनों के लिए यह विकल्प उपलब्ध नहीं होगा।

**फूटा गुस्सा** कोटक महिन्द्रा बैंक के सामने शुक्रवार को स्थिति हुई तनावपूर्ण

# खाता बंद न करने पर भड़के नपा कर्मचारी, कोटक महिन्द्रा बैंक के गेट पर पलटीं कचरे की ट्रालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

शहर के टोहाना रोड पर स्थित कोटक महिन्द्रा बैंक के सामने शुक्रवार को उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब नगर पालिका के नाराज कर्मचारियों ने बैंक के मुख्य गेट के सामने कचरे से भरी ट्रालियां पलट दीं और वहीं धरने पर बैठ गए। कर्मचारियों का आरोप था कि सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद बैंक प्रबंधन पिछले दो महीनों से नगर पालिका का खाता बंद नहीं कर रहा है। इस अचानक कदम से बैंक परिसर और आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। हंगामा बढ़ता देख बैंक मैनेजर तुरंत बाहर आए और कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कर्मचारी अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में नगर पालिका के उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।





रतिया। बैंक के बाहर डाला गया कूड़ा। फोटो: हरिभूमि

### क्या है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार, हरियाणा सरकार ने पिछले दिनों निजी बैंकों में हुए कुछ घोटालों और अनियमितताओं को देखते हुए एक सख्त कदम उठाया था। सरकार ने सभी नगर पालिकाओं को निर्देश दिए थे कि वे निजी बैंकों में चल रहे अपने खातों को तुरंत बंद करवाएं। सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए रतिया नगर पालिका की लेखाकार द्वारा टोहाना रोड स्थित कोटक महिन्द्रा बैंक को दो महीने पहले ही खाता बंद करने के लिए आधिकारिक पत्र भेजा गया था।

### आश्वासन मिलने पर कर्मचारियों का धरना समाप्त

अधिकारियों की मौजूदगी में बैंक प्रबंधन से लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद बैंक द्वारा सकारात्मक आश्वासन मिलने पर कर्मचारियों ने धरना समाप्त किया और गेट के आगे बिखरे कूड़े को वापस उठाया गया। सरकार द्वारा निजी बैंकों में खाते बंद करने के साफ निर्देश दिए गए हैं। इस बैंक को दो महीने पहले ही आवेदन दे दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद खाता बंद नहीं किया जा रहा था। इसी को लेकर आज बैंक प्रबंधन से सीधी बातचीत की गई है। **-शुभम कुमार, सचिव,** नगर पालिका, रतिया



# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

लाइफ Style



# कियारा 'किसी से हाय-हेलो मत करना'

एक्टर यश और कियारा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' कियारा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' कियारा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ

**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

## टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

# अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की



बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।



# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगी। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून।

भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।


सिरसा। पूर्व विधायक सहीराम बिश्नोई को श्रद्धांजलि देते सीएम नायब सिंह सैनी।

### सरकारी अस्पताल का नामकरण सहीराम बिश्नोई के नाम पर करने की घोषणा

## श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे मुख्यमंत्री सहित कई दिग्गज

### पूर्व विधायक सहीराम बिश्नोई को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्व. चौधरी सहीराम बिश्नोई एक महान व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रहा है। ऐसे महान जननायक से समाज को हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी और उनकी यादें सदैव लोगों के बीच जीवित रहेंगी। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक सहीराम बिश्नोई के नाम पर एक अस्पताल का नामकरण करने की घोषणा की। सीएम शुक्रवार को सिरसा जिले के गांव सकताखेड़ा में स्व. सहीराम बिश्नोई की स्मृति सभा में पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में बिश्नोई समाज द्वारा स्व. सहीराम बिश्नोई को 'बिश्नोई रत्न' से सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में राजस्थान, पंजाब व हरियाणा से सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के अलावा इनेलो नेता अभय चौटाला, पूर्व विधायक आदित्य चौटाला, कांग्रेसी नेता डॉ. केवी सिंह, बिश्नोई सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया ने भी सहीराम धारणियां को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### स्व. चौ. सहीराम बिश्नोई के विचार समाज को निरंतर मार्गदर्शन देते रहेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. चौ. सहीराम बिश्नोई की प्रेरणा और विचार समाज को निरंतर मार्गदर्शन देते रहेंगे। उन्होंने गुरु जम्भेश्वर महाराज से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक अस्पताल का नाम स्व. सहीराम बिश्नोई के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने बिश्नोई समाज द्वारा स्व. चौधरी सहीराम बिश्नोई को 'बिश्नोई रत्न' से सम्मानित किए जाने पर समाज का आभार भी व्यक्त किया। वहीं, कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि स्व. सहीराम कठिन दौर में भी समाज को रास्ता दिखाते रहे। विभाजन के समय बहुत से परिवार यहां आए और उन परिवारों के मददगार चौ. सहीराम जी रहे। उन परिवारों को स्थापित करने में उनका बड़ा योगदान रहा है। ऐसे व्यक्तित्व बड़े विरले होते हैं, जो दूसरों की मदद में जीवन लगा देते हैं। ऐसे व्यक्तित्व का चले जाना एक बड़ी क्षति है।

### श्रीमद्भागवत कथा कल से 6 तक

**सिरसा।** स्वर्णकार समाज की ओर से 31 मई से 6 जून तक सोनी धर्मशाला में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हरिद्वार की राधिका कथा वाचन करेंगी।

कथा से पूर्व आगामी 30 मई की शाम को दुर्गा मंदिर प्रभात पैलेस से एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जोकि मुख्य गलियों का भ्रमण करते हुए कथास्थल पर आकर संपन्न होगी। स्वर्णकार संघ के जिला प्रधान सज्जन सोनी ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ उकलाना से नवनिर्वाचित चेयरमैन रीमा सोनी बतौर मुख्यातिथि करेंगी।

### फसलों और मकानों की बर्बादी से परेशान किसानों के लिए सभा आई आगे

## जांडवाला बागड़ में आंधी और ओलावृष्टि से हजारों एकड़ फसल तबाह, मुआवजे के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां

जिले के भट्टू क्षेत्र में वीरवार शाम को आए तेज आंधी-तूफान, बरसात और ओलावृष्टि ने किसानों पर भारी कहर बरपाया है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र के गांव जांडवाला बागड़ सहित आसपास के इलाकों में हजारों एकड़ भूमि पर बुआई की गई कपास, नरमा और ज्वार की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। अचानक हुई इस भारी तबाही से क्षेत्र के किसान और मजदूर बेहद गंभीर आर्थिक संकट में डूब गए हैं। फसलों और मकानों की बर्बादी से परेशान किसानों की आवाज उठाने के लिए अखिल भारतीय किसान सभा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान विष्णुदत्त के नेतृत्व में शुक्रवार को भट्टूकलां के नायब तहसीलदार से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त फतेहाबाद के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों को तुरंत राहत और उचित आर्थिक मुआवजा दिए जाने की पुरजोर मांग की है। जिला प्रधान विष्णुदत्त ने सरकार और प्रशासन के रवैये पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भट्टू क्षेत्र के किसान पहले से ही पिछले 3-4 वर्षों से लगातार सेम की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पहले ही खराब हो चुकी है। अब रही-सही कसर 28 मई को आई इस आंधी और ओलावृष्टि ने पूरी कर दी।





भट्टूकलां। गांव जांडवाला में तेज आंधी से उड़े शेड। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान।

## तूफान से नंदीशाला के शैड उड़े


सिरसा। तूफान से नष्ट हुआ सोलर सिस्टम।

**सिरसा।** जिला में आए तेज तूफान से आए गांव केलनियां की नंदीशाला चार शैडों की छत उड़ गए, जिससे 10 से 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। नंदीशाला के सचिव सुशील कंदोई ने बताया कि बीती शाम को आए जबरदस्त तूफान से नंदीशाला में बनाए गए तीन शैडों की छतें व एक बाहर बनाए गए बड़े शैड की छत तूफान में उड़ गई। गनीमत रही कि इस दौरान गौवंश को कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके अलावा गांव रामनगरिया में पशुबाड़े में आसमानी बिजली गिरने से 6 पशु झुलस गए। पशुबाड़े की छत भी तूफान में उड़ गई। आग लगने से पशुचारे का भी नुकसान हो गया। पशुओं के लिए 50-60 क्विंटल तूड़ी व चारा खुले में ढककर रखा था, जो आग में जलकर राख हो गया। इसके अलावा चोपटा क्षेत्र के गांव रूपवास में आंधी से किसान सुनील कुमार के खेत में लगे सौर ऊर्जा के शीशे टूटकर दूर जा गिरे वहीं राजेश कुमार के खेत में लगे सौर शीशे भी टूट गए। जिससे उनको काफी नुकसान हुआ। शीशे टूटने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था बाधित हो गई। किसानों का कहना है कि उन्हें नुकसान के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाए। किसान विपिन कुमार, सतपाल, केहर सिंह ने बताया कि अचानक आई आंधी से रूपावास व उसके आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। खेतों में खड़े पेड़-पौधे टूटकर गिर गए

#### तूफान से प्रभावित परिवारों से मिले भाजपा नेता



**फतेहाबाद।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने गांव जांडवाला बागड़ का दौरा कर हाल ही में आए आंधी-तूफान से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और नुकसान की जानकारी ली। इस मौके पर उनके साथ जिला परिषद फतेहाबाद की चेयरपर्सन के प्रतिनिधि एडवोकेट सुभाष खीचड़ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने ग्रामीणों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण जिन परिवारों को नुकसान हुआ है, सरकार और प्रशासन उनकी हर संभव सहायता करेंगे। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई करने, नुकसान का सही आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने और प्रभावित लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय सिंगला, बंसीलाल, सुंदर सरपंच सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।


फतेहाबाद। बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का 15वां दिन

### पक्का करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद में ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपना कामकाज पूरी तरह ठप्प कर पिछले 15 दिनों से खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पर लगातार धरने पर बैठे हैं। आंदोलन के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार द्वारा कोई सुध न लिए जाने के कारण कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को बीडीपीओ कार्यालय पर चल रहे इस धरने की अध्यक्षता फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान पवन कुमार ने की, जबकि मंच का संचालन ब्लॉक सचिव हरपाल सिंह द्वारा किया गया। धरना स्थल पर मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांग पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा 31 दिसंबर 2025 को दिए गए आदेश को तुरंत लागू करने की है। इसके साथ ही सरकार से मांग की गई कि एक ठोस पॉलिसी बनाकर एक ही कलम से सभी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को पक्का कर्मचारी घोषित किया जाए। कर्मचारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मांग रखी कि हर 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी की भर्ती की जाए। इसके अलावा, काम के औजारों के लिए मिलने वाली बेहद मामूली राशि, जो वर्तमान में 2000 रुपये सालाना है, उसे बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति महीना किया जाए।

#### सरकार को चेतावनी

नेताओं ने चेतावनी दी कि सरकार के इस अड़ियल रवैये के कारण ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है और अब काम करने वाली अन्य यूनियनें भी इस आंदोलन का हिस्सा बनती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के पिछले 12 सालों के कार्यकाल में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सिर्फ शोषण, बेगार और वादाखिलाफी ही मिली है। यदि सरकार ने तुरंत वार्ता के जरिए उनकी मांगों का समाधान नहीं किया, तो कर्मचारी इस शोषण के खिलाफ आंदोलन को और ज्यादा तेज करने को मजबूर होंगे। यूनियन ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि इन गरीब सफाई कर्मियों को तुरंत पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए ताकि वे सम्मानपूर्वक अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें।

## एंटी नारकोटिक्स ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई अंतरराज्यीय भगोड़ा नशा तस्कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरके कॉलोनी, बीघड़ रोड स्थित एक किराये के मकान से कुख्यात अंतरराज्यीय भगोड़े नशा तस्कर वीरेंद्र उर्फ बिल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 268 ग्राम अफीम बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 3 लाख रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई फतेहाबाद ब्यूरो इंचार्ज उप निरीक्षक तरसेम सिंह की टीम द्वारा अंजाम दी गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर फतेहाबाद इलाके में गश्त के दौरान एएसआई हेमराज और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि वीरेंद्र अपने किराये के मकान से अफीम तस्करी का नेटवर्क चला रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने रणनीतिक घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए जब मकान की तलाशी ली गई, तो वहां से भारी मात्रा में अफीम बरामद हुई।


फतेहाबाद। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा पकड़े गए दोनों नशा तस्कर।

## भत्तों का भुगतान न होने से भड़के रोडवेजकर्मी, 5 से होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को फतेहाबाद डिपो में रोडवेज कर्मचारियों ने देय भत्तों का समय पर भुगतान न होने के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने विभाग और स्थानीय प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रोष जताया। नेताओं ने आरोप लगाया कि फतेहाबाद डिपो का रात्रि ठहराव भत्ता 1 नवंबर 2024 से और ओवरटाइम का भुगतान 1 जनवरी 2026 से लंबित है। इसके अलावा कई कर्मचारियों की एलटीसी का भी भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि परिवहन मंत्री अनिल विज ने 5 नवंबर 2024 को एक पत्र जारी कर विभाग के सभी महाप्रबंधकों को कर्मचारियों के वेतन, रात्रि ठहराव भत्ता, ओवरटाइम, एलटीसी और शिक्षा भत्ता जैसे सभी लाभ समय पर देने के सख्त लिखित आदेश दिए थे। रोडवेज नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि परिवहन मंत्री ने भत्तों का समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं किया और बजट पर बार-बार कैप लगने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकाला, तो सांझा मोर्चा के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सभी मंडलों पर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जाएंगे।


फतेहाबाद। रोष प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी।

### डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनने से संगठन होगा मजबूत

**फतेहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से जिला भाजपा कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। फतेहाबाद के वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष खिलेरी ने इस संगठनात्मक बदलाव का स्वागत करते हुए केंद्रीय व प्रांतीय नेतृत्व के इस फैसले को पार्टी हित में एक बड़ा कदम बताया और कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति से पूरे प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। इस अवसर पर सुभाष खिलेरी के साथ अन्य स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भी हर्ष जतायाा।

### शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

## स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रही सरकार: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य के क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये से अधिक की 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लोकार्पण किया। सिरसा के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का यहां लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। सिरसा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षामंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। स्वस्थ हरियाणा से सुदृढ हरियाणा बने, इसी मुख्य फोकस के आधार पर सरकार निरंतर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में बढोतरी कर रही है। आज सरकारी अस्पतालों में लैब रिपोर्ट भी कुछ ही समय में उपलब्ध हो रही है।



सिरसा। विकास कार्यों का लोकार्पण करते मंत्री महिपाल ढांडा।

#### सरकार पीपीपी मॉडल पर कर रही काम

स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे निष्ठा व ईमानदारी से काम करें ताकि हर गरीब व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पीपीपी मॉडल पर स्वास्थ्य सेवाओं के और अधिक सुधार के लिए भी काम कर रही है। उन्होंने बताया कि आज इस कार्यक्रम में जिला सिरसा को भी स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कई सौगातें मिली है, जोकि लगभग पांच करोड़ रुपये की है। इन परियोजनाओं के माध्यम से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, सीएमजीजीए पूर्व रोहिल्ला, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा आदि रहे।

### न्यूज डायरी

#### लापता युवक का शव पानी की डिग्गी में मिला

**सिरसा।** रानियां क्षेत्र के गांव सैनपाल कोठा क्षेत्र से लापता युवक का शव खेत में बनी पानी डिग्गी से बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान हरविंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हरविंद्र 28 मई को घर से से लापता हो गया था। परिवार ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने रानियां थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शुक्रवार को गांव के ही एक किसान ने खेत में बनी पानी की डिग्गी में हरविंद्र का शव पड़ा देखा और इसकी जानकारी परिजनों व पुलिस को दी।

#### नकली केबल लगाने के मामले में दो सस्पेंड

**सिरसा।** जनस्वास्थ्य एवं आभियांत्रिक विभाग सिरसा में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर बिना अनुमति और बिना स्वीकृति के ट्यूबवेल लगाने और एक कंपनी की नकली केबल इस्तेमाल मामले में विभाग के दो एसडीओ को सरकार ने सस्पेंड कर दिया है। हालांकि आदेश में किसी मामले का उल्लेख नहीं किया गया है। वैसे बताया जाता है कि घटनाक्रम के समय दोनों सिरसा में जेई के रूप में कार्यरत थे और पदोन्नति प्राप्त कर मोहनलाल चरखीदादरी में एसडीओ और आशीष हांसी में एसडीओ के रूप में पदस्थ थे। दरअसल, शहर में स्थापित किए जा रहे ट्यूबवेल में घटिया दर्जे की पाइप, कलम्प, बनबोल्ट व केबल के इस्तेमाल की शिकायत करते हुए व्हीस्ल ब्लोअर की ओर से सीएम विंडो दाखिल की गई थी।

#### 42 हजार की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सिरसा जिला निवासी एक व्यक्ति को रिश्तेदार बताकर साइबर ठगी करने वाले एक आरोपी को रोहतक के महम क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। ठग ने व्हाट्सअप पर महिला की डीपी लगाई और बीमारी का बहाना बनाकर 42 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। साइबर थाना प्रभारी सब-इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने शुक्रवार को बताया कि ऐलनाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत में बताई कि बीती 22 मई को उसके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपनी व्हाट्सएप प्रोफाइल पर राजस्थान निवासी उसकी भाभी की फोटो लगाई थी।

#### पीजीटी शिक्षक सुरेश कुमार को किया सम्मानित

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा आमजन और विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने जिला और मंडल स्तर पर सडक़ सुरक्षा क्विज कॉम्पिटिशन के सफल आयोजन में अमूल्य सहयोग देने वाले शिक्षक सुरेश कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



#### राजस्थान से डोडा पोस्त ला रहे दो तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम ने अंतरराज्यीय नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने राजस्थान सीमा से सटे भट्टूकलां-चौपटा रोड पर हनुमान मंदिर के पास नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो मैक्स पिकअप गाड़ी से 60 किलोग्राम 365 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर पंजाब के दो शातिर नशा तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह नशा राजस्थान के नागौर-जोधपुर रोड से बोलेरो पिकअप में छिपाकर पंजाब ले जा रहा था।

*जांच रिपोर्ट में खुलासा : 3014 में से 656 नमूनों में बैक्टीरिया, गर्मी में बढ़ा संक्रमण का खतरा*

# जिले में पेयजल गुणवत्ता पर सवाल : 8 माह में 661 सैंपल फेल, 656 में पाई बैक्टीरियोलॉजिकल गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले में लोगों तक पहुंच रहे पेयजल की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले आठ महीनों में लिए गए पानी के नमूनों की जांच में 661 सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें सबसे चिंताजनक बात यह रही कि 656 नमूनों में बैक्टीरियोलॉजिकल गड़बड़ी पाई गई। ऐसे में जिले में डायरिया, उल्टी-दस्त, टायफाइड और पीलिया जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट सामने आने के बाद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और जांच तेज कर दी है। जिला प्रयोगशाला द्वारा 16 सितंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों से कुल 3014 पानी के नमूने लिए गए। इनमें 2353 सैंपल पीने योग्य पाए गए, जबकि 661 नमूने गुणवत्ता मानकों से नीचे रहे। जिन क्षेत्रों में पानी के सैंपल फेल मिले हैं, वहां विभाग ने सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**विभाग ने शुरू की सुधारात्मक कार्रवाई**

*जिला प्रयोगशाला द्वारा 16 सितंबर 2025 से 30 अप्रैल 2026 तक जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों से कुल 3014 पानी के नमूने लिए गए, इनमें 2353 सैंपल पीने योग्य पाए गए।*

## फतेहाबाद डिवीजन में सबसे ज्यादा सैंपल फेल

रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक नमूने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के फतेहाबाद डिवीजन क्षेत्र से लिए गए। यहां 1319 सैंपलों की जांच हुई, जिनमें 1067 फिट और 252 अनफिट पाए गए। बैक्टीरियोलॉजिकल जांच में 1215 सैंपल सही मिले, जबकि 249 नमूनों में बैक्टीरिया की मौजूदगी दर्ज की गई। वहीं फिजिकल और केमिकल जांच के 104 नमूनों में तीन सैंपल फेल पाए गए। पूरे जिले में फिजिकल और केमिकल जांच के 141 नमूनों में पांच अनफिट मिले, जबकि बैक्टीरियोलॉजिकल जांच के 2873 नमूनों में से 656 सैंपल फेल रहे। अधिकारियों के अनुसार दूषित जल स्रोत, पाइपलाइन लीकेज, पानी की टंकियों की समय पर सफाई नहीं होना और सीवरेज का पानी सप्लाई लाइन में मिलना इसकी मुख्य वजहें हैं।

## गर्मी में तेजी से फैल सकता है संक्रमण

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार बैक्टीरिया युक्त पानी पीने से डायरिया, उल्टी-दस्त, पेट दर्द, टायफाइड और पीलिया जैसी बीमारियां फैल सकती हैं। गर्मियों के मौसम में यह खतरा और बढ़ जाता है, क्योंकि अधिक तापमान में संक्रमण तेजी से फैलता है। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि पानी उबालकर पीएं, घरों की टंकियों की नियमित सफाई करवाएं और सप्लाई लाइन में किसी भी प्रकार की लीकेज दिखने पर तुरंत विभाग को सूचित करें। रिपोर्ट में निजी संस्थानों से लिए गए 46 सैंपलों की जांच भी शामिल रही। इनमें 43 नमूने फिट पाए गए, जबकि तीन सैंपल अनफिट निकले। वहीं टोहाना क्षेत्र से लिए गए चारों नमूने सही पाए गए। विभाग ने जिन क्षेत्रों में सैंपल फेल मिले हैं, वहां दोबारा सैंपलिंग के निर्देश जारी किए हैं।

## क्या बरतें सावधानी

- पानी उबालकर पीएं
- घर की टंकियों की नियमित सफाई करवाएं
- बच्चों और बुजुर्गों को दूषित पानी से बचाएं
- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सैंपलिंग
- पानी स्टोर करते समय स्वच्छता का ध्यान रखें

## विभाग क्या कर रहा

- फेल सैंपल वाले क्षेत्रों में दोबारा जांच
- पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत
- शहरी और ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की निगरानी
- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सैंपलिंग

## पानी की बर्बादी न करने पर किया जागरूक

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सतपाल रोज ने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पानी के सैंपल लेने की जिम्मेदारी दी गई है। जिन क्षेत्रों में पानी के नमूने फेल पाए गए थे, वहां लीकेज ठीक कर दी गई है। उन्होंने लोगों से पानी की बर्बादी न करने और स्वच्छ पेयजल के उपयोग को लेकर जागरूक रहने की अपील की।

---

## खबर संक्षेप

### ओढ़ा में पूर्णिमा पर मासिक भंडारा 31 को

**ओढ़ां।** श्री अखंड ज्योति संकट मोचन हनुमान मंदिर ओढ़ा में पूर्णिमा के अवसर पर मासिक भंडारा 31 मई को आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के उप प्रधान सहदेव गोदारा ने बताया कि श्री सालासर भंडारा ट्रस्ट व मंदिर कमेटी द्वारा गांववासियों के सहयोग से कई वर्षों से प्रत्येक पूर्णिमा के अवसर पर बाला जी का भंडारा लगाया जाता है। जिसमें प्रसाद के रूप मे खीर व दाल रोटी का प्रसाद तैयार किया जाता है और बाला जी व भगवान शिवशंकर को भोग लगाने के बाद भक्तजनों को वरताया जाता है। जिसमें भारी संख्या में गांववासी प्रसाद ग्रहण करके भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### आनंद सरोवर में 3-डी मेडिटेशन आज से

**सिरसा।** ब्रह्माकुमारीज़ आनंद सरोवर में 3-डी द्वारा मेडिटेशन का अदभुत अनुभव और म्युजिक़ल डिवाइन एकपीरिएंस, दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 30 और 31 मई को आयोजित होने वाले इस अनोखे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राजयोगिनी बिंदु ने बताया कि इस प्रकार का कार्यक्रम सिरसा में पहली बार होने जा रहा है जिसका संचालन इंडियन आयडल के टॉप फाइनलिस्ट बीके हरीश मोयल और अंतर्राष्ट्रीय माइंड ट्रेनर डॉ. बीके शक्तिराज माउंट आबू करेंगे। 30 मई को संस्था के साथ लम्बे समय से जुड़े हुए सदस्य 3-डी शो और अलौकिक संगीत का अनुभव करेंगे और 31 मई की शाम को हीलिंग मेडिटेशन फॉर पीसफुल लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### युवाओं को वीर सावरकर के जीवन पर किया जागरूक

**सिरसा।** माय भारत केंद्र ने विनायक दामोदर सावरकर जयंती पर खंड ऐलनाबाद के गांव कर्मशाना में एक विशेष कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरुआत वीर विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर हुई। इसके पश्चात आयोजित संगोष्ठी एवं सेमिनार में वक्ताओं ने सावरकर के जीवन संघर्ष, स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान तथा युवाओं के लिए उनके विचारों की प्रासंगिकता की जानकारी दी। मुख्यातिथि सुभाष ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है तथा उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने का कार्य करते हैं।

---

### विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वालों पर विधायक ने अपनाया कड़ा रुख

# आगामी छह महीनों में होगा शहर का कायाकल्प, करोड़ों रुपये होंगे खर्च

**पुराने पशु अस्पताल की जगह बनेगी पार्किंग, लोगों को मिलेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

नगर पालिका रतिया के बैठक कक्ष में शुक्रवार को सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पालिका चेयरपर्सन प्रीति खन्ना की अध्यक्षता और रतिया के विधायक जरनैल सिंह की विशेष मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, वहीं विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और भ्रष्टाचार के आरोपों पर विधायक ने कड़ा रुख अपनाया। विधायक जरनैल सिंह ने दावा किया कि आगामी 6 महीनों के भीतर रतिया शहर का पूरी तरह से कायाकल्प कर दिया जाएगा और विकास का एक नया इतिहास लिखा जाएगा। नगर पालिका सचिव शुभम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में कुल 14 एजेंडे चर्चा के लिए रखे गए थे, जिनमें से 12 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।



रतिया। बैठक में मौजूद विधायक जरनैल सिंह, पार्षद व अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## बैठक में पारित मुख्य प्रस्ताव और चर्चा के बिंदु

बैठक में मेन मार्केट स्थित पुराने पशु अस्पताल की खाली जगह पर नई पार्किंग बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिससे शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। शहर में बरसाती पानी की निकासी की समस्या को स्थायी रूप से हल करने के लिए एक कंसल्टेंट हायर कर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी। वार्ड नंबर 10 में विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए स्पेशल एबिलिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। डोर-टू-डोर कचरा उठान व्यवस्था में सामने आए कथित घोटाले और अनियमितताओं को लेकर पार्षदों के आरोपों पर विधायक ने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के सख्त आदेश दिए हैं। शहीद देवेंद्र सिंह पार्क में नए मोटर पंप लगाने, विभिन्न पार्कों में वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम स्थापित करने और पार्कों के सौंदर्यीकरण पर सहमति बनी। शहर के विभिन्न स्थानों पर रोड सेफ्टी बोर्ड लगाने, 5 प्रमुख स्थानों पर आरसीसी गेट का निर्माण करने और नगर पालिका कार्यालय के लिए 45 किलोवाट का नया जनरेटर खरीदने का प्रस्ताव पास हुआ। इसके अलावा हरिजन/गिरिजन बस्ती की कॉलोनियों के नाम परिवर्तन पर भी चर्चा की गई।

## लापरवाह ठेकेदार होंगे ब्लैकलिस्ट

बैठक के दौरान विधायक जरनैल सिंह ने विकास कार्यों की धीमी गति और घटिया निर्माण सामग्री को लेकर नाराजगी जताई। नाले के निर्माण कार्य में सामने आई अनियमितताओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदार को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि कुछ ठेकेदारों द्वारा शहर के विकास कार्यों को जानबूझकर लटकाया जा रहा है और समय सीमा के भीतर काम पूरा नहीं किया जा रहा। ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। पिछले दिनों पार्षदों द्वारा विकास कार्यों में घपलेबाजी के जो भी आरोप लगाए गए हैं, उनकी गहन जांच करवाई जाएगी ताकि जनता के सामने सच आ सके। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर पालिका सहित रतिया के सभी सरकारी कार्यालयों को पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में वाइस चेयरमैन जोगिंदर नंदा, मनोनीत पार्षद सुखविंदर गोयल, नगर पालिका सचिव शुभम कुमार, लेखाकार मनजीत कौर, ओंकार सिंह, पार्षद गौरव शर्मा, अजमेर सिंह, हैप्पी सैनी, जसविंदर कौर, पिंकी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

---

## न्यूज डायरी

### जिला स्तरीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता 1 जून को

**फतेहाबाद।** आगामी राज्य स्तरीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता के मद्देनजर जिला जूडो एसोसिएशन, फतेहाबाद द्वारा जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 1 जून, सोमवार को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे गांव हांसावाला के खेल मैदान में शुरू होगी, जिसमें जिले भर के प्रतिभावान जूडो खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव व जूडो प्रशिक्षक मनोज गिल ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता लडके और लड़कियों, दोनों वर्गों में आयोजित की जाएगी।

### इग्नू की परीक्षाएं एक जून से 21 जुलाई तक

**सिरसा।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की सत्रांत परीक्षाएं 1 जून से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक आयोजित की जाएंगी। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि हरियाणा के भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा, सोनीपत, पानीपत एवं रोहतक जिलों में इग्नू द्वारा 37 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से 12 परीक्षा केंद्र हरियाणा की विभिन्न जेलों में बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जून-जुलाई माह में आयोजित होने वाली इन परीक्षाओं में पूरे हरियाणा से कुल 3,72,484 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

### विद्यार्थियों ने किया नशामुक्ति केंद्र का भ्रमण

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौजूखेड़ा, साहुवाला प्रथम व जीएसएसएस पोहडका के विद्यार्थियों ने नागरिक अस्पताल स्थित नशामुक्ति केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. अवतार सिंह द्वारा विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, नशे की रोकथाम, नशीले पदार्थों के शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

### मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव आज से

**सिरसा।** शहर की अग्रसेन कॉलोनी स्थित श्री हनुमान मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित किए जा रहे 29वें वार्षिक महोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए मंदिर परिसर में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रचार मंत्री तेज प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों के साथ-साथ विद्युत लड़ियों से भी सजाया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी 30 मई की सुबह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शाम को भजन संध्या होगी, जिसमें कलाकार अपनी मधुर वाणी से बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे।

### शैक्षणिक संस्थानों में चलेगा पर्यावरण संरक्षण अभियान

**सिरसा।** राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत कम से कम 100 स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में सीड बॉल तैयार कर उनका वितरण किया जाएगा। जमानद सलाहकार मित्रसेन गर्ग ने बताया कि इस अभियान के तहत जुलाई तक बीज एकत्रित करने तथा सीडलिंग तैयार करने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। वर्तमान समय में सुहांजना, बेलगिरी, कीकर, अल्बिजिया, अमलतास आदि के बीज आसानी से उपलब्ध हैं।

---

# अंडर 14 वर्ग में स्केटिंग चैंपियनशिप में सहज खुराना ने जीता स्वर्ण पदक

- सतलुज पब्लिक स्कूल की छात्रा है पदक विजेता सहज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शिमला में आयोजित स्केटिंग चैंपियनशिप में सहज खुराना ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर जिले व अभिभावकों का नाम रोशन किया। कोच अनिल चौधरी व रवीना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। सिरसा की ओर से सहज खुराना ने अंडर-14 आयु वर्ग में इस प्रतियोगिता में भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीता। दोनों कोचिज ने सहज खुराना को गोल्ड मैडल जीतने पर बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अनिल चौधरी ने बताया कि सहज खुराना सतलुज पब्लिक स्कूल का छात्र है और स्केटिंग के प्रति समर्पित है। उन्होंने बताया कि सहज खुराना इससे पूर्व भी अनेक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है।



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेता।

### डॉ. अर्चना गुप्ता ने बढ़ाया अग्रवाल समाज का गौरव

**फतेहाबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूरे अग्रवाल समाज में गौरव और हर्ष का माहौल है। समाज के प्रबुद्ध लोगों ने इस फैसले को समाज के मान-सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नई ऊंचाइयां देने वाला बताया है। अग्रवाल समाज से प्रमुख समाजसेवी एवं आरएसओ फतेहाबाद के प्रधान सुखदेव कालापीला ने डॉ. अर्चना गुप्ता को इस शीर्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर समाज की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने एक योग्य और कर्मठ महिला नेत्री को यह जिम्मेदारी सौंपकर समाज का गौरव बढ़ाया है।

# आयुष विभाग ने विद्यार्थियों को करवाया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

- बच्चों को प्राणायाम से होने वाले लाभों पर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा जिला में विभिन्न स्थानों पर योग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में योग अभ्यास अभियान के चौथे दिन स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में खिलाडिय़ों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ. सुरेंद्र पाल नागर ने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. आशु शर्मा के मार्गदर्शन जिला में नियमित तौर पर योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शहीद भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। योग सहायक पंकज, लवकेश, इंद्रजीत, मोनिका, पूनम, आईना और रितु ने बच्चों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया।



सिरसा। योगाभ्यास करते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

---

## कृषि यंत्रों पर 50% अनुदान के लिए 15 तक होंगे ऑनलाइन आवेदन

**फतेहाबाद।** फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा किसानों को कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। किसान 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियन्ता पवन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन कॉम्पोनेन्ट के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जाएगा। इनमें सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रॉ चोपर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लेशर, हाईड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लॉव, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, बेलिंग मशीन बेलर व स्ट्रॉ रेक, स्वचालित क्रॉप रिपर, ट्रैक्टर चालित क्रॉप रिपर, ट्रैक्टर चालित लोडर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के फार्म रिकॉर्ड में पिछले दो सीजन के दौरान फसल अवशेष जलाने के कारण रेड एंट्री दर्ज है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### किसानों को बीज उपचार, सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में दी जानकारी

# चौपटा में कृषि अधिकारियों ने किया कपास व धान की फसल का सर्वेक्षण

*बीज उपचार के लिए किसानों को बांटे ट्राइकोडर्मा विरिडी नामक कीटनाशक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

क्षेत्र के गांव अरनियांवाली में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के फरीदाबाद स्थित क्षेत्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन केंद्र और सिरसा स्थित जिला कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को कपास/धान की फसल का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के फरीदाबाद स्थित क्षेत्रीय एकीकृत कीट प्रबंधन केंद्र (सीआईपीएमसी) की क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप निदेशक डॉ. वंदना पांडे के निर्देशन में, कृषि उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह, एसडीएओ डॉ. कोमल और बीएओ की सहायता से, सिरसा जिले के सिरसा ब्लॉक के एक ग्राम में कपास और धान की फसलों में बीज उपचार के संबंध में किसान सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बीज उपचार, सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में चौपटा खंड के खंड कृषि अधिकारी डा. शैलेंद्र सहारण, बीटीएम डा. महेंद्र सिंह डांडी मौजूद रहे। किसानों को बीज उपचार के लिए कीटनाशक, एनपीएसएस मोबाइल ऐप और ट्राइकोडर्मा विरिडी नामक जैविक कीटनाशक वितरित किए गए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वेक्षण करके किसानों को जानकारी दी गई। कपास और धान को प्रभावित करने वाले कीटों और रोगों से निपटने के लिए बीज उपचार आवश्यक है ताकि धान में पिछले वर्ष के बौने रोग और अन्य कीटों/रोगों से बचा जा सके। किसानों को यांत्रिक और जैविक कीटनाशक उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई है। कपास की फसल के प्रारंभिक चरण में कम से कम 4 फेरोमोन ट्रैप और कपास के लिए चारा लगाने की सलाह दी गई।



चोपटा। खेती की जानकारी देते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## एनपीएसएस ऐप के उपयोग की दी जानकारी

खेतों में कीटों की निगरानी/रोकथाम के लिए 40-45 दिनों के बाद इसका उपयोग किया जाता है। सर्वेक्षण के दौरान, किसानों को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) मोबाइल ऐप के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि किसान ऐप के माध्यम से अपनी फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों और रोगों के बारे में तत्काल जानकारी और सलाह प्राप्त कर सकें और अनावश्यक रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग बंद कर सकें। इस संयुक्त सर्वेक्षण में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आरसीआईपीएमसी के दल में फरीदाबाद से सहायक पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. के.पी. शर्मा और सहायक पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. सुरजीत बर्मन तथा हरियाणा राज्य सरकार के जिला कृषि विभाग से एसडीएओ डॉ. कोमल, और सहायक पौध संरक्षण अधिकारी डॉ. बीए ओ तथा अन्य प्रख्यात किसान उपस्थित थे।